प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार
दिनांक 04.05.2025 समय: 2.10PM

वेवस– मध्यप्रदेश

वेव्स2025 सम्मेलन में कल मध्यप्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण रहा। "डिजिटल सपनों और सिनेमाई दृष्टिकोण के साथः मध्यप्रदेशः अगला रचनात्मक केंद्र" विषय पर एक प्रभावशाली पैनल डिस्कशन आयोजित हुआ। पैनल डिस्कशन ने देश के क्रिएटिव और डिजिटल उद्योग से जुड़े शीर्ष विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर मध्यप्रदेश को एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी का राष्ट्रीय हब बनाने की दिशा में विचार–विमर्श को मजबूती प्रदान की। अपर मुख्य सचिव आईटी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशिका सुश्री एकता कपूर चर्चा में शामिल रहे। अभिनेता अमित सियाल और शरद केलकर के साथ सभी विशेषज्ञों ने मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति–2025 और मध्यप्रदेश एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी AVGC&XR नीति–2025 को रिलॉन्च किया। साथ ही प्रदेश के फिल्म फैसिलिटेशन पोर्टल के सेकंड फेस को लॉन्च किया।

वेव्स–अंतिम दिन

मुंबई में आज वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स का समापन दिन है। आज अंतिम दिन फिल्म निर्माण पर कुछ सत्र हों रहे हैं साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज' टैगलाइन वाला यह शिखर सम्मेलन भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक प्रयास है। आयोजन में 90 से अधिक देशों के दस हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। इसके पहले कल तीन दिवसीय वेव्स बाजार का पहला संस्करण बड़ी सफलता के साथ संपन्न हुआ और इसने रचनात्मक उद्योगों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सहयोग के लिए एक अग्रणी मंच के रूप में अपनी पहचान बनाई। सम्मेलन में फिल्म, संगीत, रेडियो, वीएफएक्स और एनिमेशन क्षेत्रों में अब तक 1000 करोड़ से अधिक के कारोबारी लेन–देन दर्ज किए। सूचना प्रसारण मंत्रालय में सचिव संजय जाजू ने बताया कि वेव्स बाजार इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है।

संजय जाजू , सचिव सूचना प्रसारण मंत्रालय

उप राष्ट्रपति

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज ग्वालियर प्रवास पर आएंगे। श्री धनखड़ शाम को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों से परस्पर संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में इन दिनों मौसम में बदलाव देखने को मिल रहे हैं। प्रदेश के कुछ जिलों में भीषण गर्मी का कहर है तो कहीं बारिश और आंधी का दौर जारी है। मौसम विभाग का कहना है कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) के 3 सिस्टम के एक्टिव होने से ऐसा मौसम बन रहा है। कल भोपाल में धूल भरी आंधी चली, जबकि कई जिलों में बारिश हुई और ओले गिरे। आज भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन–जबलपुर समेत 45 जिलों में आंधी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। नरसिंहपुर सबसे अधिक तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

<u>एनटीए– नीट–यूजी</u>

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी आज देश भर में पांच हजार से अधिक केंद्रों और विदेश में 13 शहरों में राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी 2025 आयोजित कर रही है। परीक्षा के लिए 22 लाख सत्तर हजार से अधिक उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया है।

समाचार संक्षेप में .....

- राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी आज देश भर में पांच हजार से अधिक केंद्रों और विदेश में 13 शहरों में राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी 2025 आयोजित कर रही है। परीक्षा के लिए 22 लाख सत्तर हजार से अधिक उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया है।
- उत्तराखंड के चमोली ज़िले में, आज बद्रीनाथ धाम के कपाट पारंपरिक अनुष्ठान के बाद खोल दिए गए। इसके साथ ही, अब उत्तराखंड में केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री सहित चारो धामों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुल गए हैं।
- जबलपुर में राज्यपाल मंगुभाई पटेल की मौजूदगी में कल मेडिकल यूनिवर्सिटी का दूसरा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 32 हजार छात्रों की उपाधि मान्य की गई।
- नर्मदापुरम के इटारसी रेलवे जंक्शन में बिना टिकट 395 यात्रियों से 4 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला गया है। वहीं इटारसी में रेल नियमों का उल्लंघन करने पर केस भी दर्ज किए गए हैं।
- आईपीएल क्रिकेट में आज कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से कोलकाता में होगा। वहीं दूसरा मैच शाम को पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच धर्मशाला में खेला जाएगा।

---------------------